बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

Zonal Office – Pune West Zone
3rd Floor, Yashomangal Building
1183-A, F.C. Road, Shivaji Nagar, Pune – 05
पुणे पश्चिम अंचल कार्यालय , यशोमंगल-1183-ए,
एफ. सी. रोड , शिवाजीनगर , पुणे - 411005

AX58/PWZ/MKT/2015-16/023 Date: - 16/09/2015

<u>समाचार विज्ञप्ति</u>

<u>बैंक ऑफ महाराष्ट्र की नवीन शाखा - सूस</u>

देश का अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र की एक और नयी शाखा सूस गाँव में खोली गयी। सम्पूर्ण भारत में उपस्थिति के साथ महाराष्ट्र राज्य में शाखाओं की संख्या के आधार पर अव्वल है। बैंक पिछले 81 वर्षों से देश की सेवा में अग्रसर है। दिनांक 16.09.2015 को बैंक के 81वें स्थापना दिवस पर, पुणे पश्चिम अंचल की 70वीं शाखा ग्राम सुसगांव, तालुका. - मूलशी, जिला - पुणे में खोली गयी। गौरतलब है कि सुसगांव में अभी तक किसी बैंक की शाखा नहीं थी जबकि सूस पुणे सबसे अधिक तेजी से बढ़ता हुआ विकासशील क्षेत्रों में से एक है।

शाखा का उद्घाटन माननीय श्री महेश झगड़े, (भाप्रसे) मुख्य कार्यकारी अधिकारी- पुणे महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के करकमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय श्री रा. ह. फडणीस, महाप्रबंधक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा की गयी। श्री एम. डी. नाडकर्णी, आंचलिक प्रबन्धक,

पुणे पश्चिम अंचल, एवं अन्य बैंक के पदाधिकारीगण के अलावा सूस व करीबी गांवों के सरपंच व अन्य ग्रामवासियों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढाई।

श्री महेश झगड़े, (भाप्रसे) मुख्य कार्यकारी अधिकारी - पुणे महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण नें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस शाखा के माध्यम से किसानों, व्यवसायियों व जनता को बहुत ही अधिक लाभ होगा। बैंक के इस कदम की प्रशंसा करते हुए उन्होनें कहा कि बैंक का उद्देश्य सिर्फ लाभ कमाना नहीं अपितु देश का विकास मुख्य लक्ष्य होना चाहिए और यह शाखा इसका एक जीवंत उदाहरण है। उन्होनें पूर्ण विश्वास जताया कि यह शाखा ग्रामवासियों व आसपास की जनता के जीवन के स्तर को ऊंचा उठाने में सहायक सिद्ध होगी।

श्री रा. ह. फडणीस, महाप्रबंधक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, ने शाखा सदस्यों पर विश्वास जताते हुए कहा कि यह शाखा निश्चित ही आम जनता को सर्वोत्तम सेवाएँ प्रदान करेगी।

शाखा प्रबन्धक श्री योगेश ठाकरे ने इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।